14 नवंबर 2026 की
प्रमुख समसामयिक घटनाएँ

Q 1. **The 12th edition of the joint military exercise 'Mitra Shakti 2026' is being conducted between India and which country?**

संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति 2026' का 12वाँ संस्करण भारत और किस देश के बीच आयोजित किया जा रहा है?



(A) Nepal / नेपाल

(B) Sri Lanka / श्रीलंका ✓

(C) Bangladesh / बांग्लादेश


(D) Maldives / मालदीव

Explanation: Mitra Shakti 2026 is being conducted from 13–26 November 2026 at Maduru Oya, Sri Lanka. The Indian contingent comprises 170 personnel. Its objective is to improve joint counter-terrorism capabilities under a UN mandate.

व्याख्या: मित्र शक्ति 2026 का आयोजन 13–26 नवंबर 2026 तक श्रीलंका के मदुरू ओया में किया जा रहा है। इसमें भारत के 170 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। इसका उदेइश्य संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के अंतर्गत आतंकवाद-रोधी अभियानों की क्षमता बढ़ाना है।

Q 2. **According to the WHO Global Tuberculosis Report 2026, by approximately what percentage did India's TB deaths decline between 2015 and 2025?**

WHO की वैश्विक क्षय रोग रिपोर्ट 2026 के अनुसार, वर्ष 2015 से 2025 के बीच भारत में टीबी से होने वाली मौतों में लगभग कितने प्रतिशत की कमी आई?



(A) 25%

(B) 30%

(C) **38%** ✓

(D) 50%

Explanation: The WHO Global Tuberculosis Report 2026 reported a 38% decline in India's TB mortality since 2015, compared with a global decline of approximately 35%. The report was released on 12 November 2026.

व्याख्या: WHO की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2026 के अनुसार, भारत में 2015 से टीबी मृत्यु दर में 38% की कमी आई, जबकि वैश्विक स्तर पर यह कमी लगभग 35% रही। रिपोर्ट 12 नवंबर 2026 को जारी हुई।

Q 3. **India's retail inflation, measured by the Consumer Price Index (CPI), reached what level in October 2026?**

अक्टूबर 2026 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित भारत की खुदरा मुद्रास्फीति कितनी रही?



(A) 4.50%

(B) 5.54%

(C) **6.09%** ✓

(D) 7.25%

Explanation: October 2026 CPI inflation rose to 6.09%, exceeding the RBi's upper tolerance limit of 6%. India's inflation-targeting framework has a 4% **target** with a tolerance band of 2–6%.

व्याख्या: अक्टूबर 2026 में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.09% हो गई, जो RBI की 6% की ऊपरी सहनशीलता सीमा से अधिक है। भारत में मुद्रास्फीति का लक्ष्य 4% है तथा स्वीकार्य सीमा 2–6% निर्धारित है।

Q 4. **According to NITI Aayog's November 2026 assessment, the Production Linked Incentive (PLI) schemes cover how many notified sectors?**

नीति आयोग के नवंबर 2026 के मूल्यांकन के अनुसार, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजनाएँ कितने अधिसूचित क्षेत्रों को कवर करती हैं?



(A) 10

(B) 12

(C) **14** ✓

(D) 16

Explanation: NITI Aayog released its PLI impact assessment on 12 November 2026, prepared with IIM Ahmedabad as the knowledge partner. It examined 14 sectors across investment, production, exports and employment.

व्याख्या: नीति आयोग ने 12 नवंबर 2026 को IIM अहमदाबाद के सहयोग से PLI योजनाओं की प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की। इसमें 14 क्षेत्रों का निवेश, उत्पादन, निर्यात और रोजगार के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

Q 5. **What rank did India secure in the Climate Change Performance Index (CCPI) 2027, released in November 2026?**

नवंबर 2026 में जारी जलवायु पर्फ्रिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) 2027 में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?

(A) 23rd / 23वाँ

(B) 28th / 28वाँ ✓

(C) 32nd / 32वाँ

(D) 18th / 18वाँ



Explanation: India ranked 28th with 60.85 points, falling five positions from 23rd. The CCPI evaluates greenhouse gas emissions, renewable energy, energy use and climate policy. Denmark was the highest-ranked country at fourth position, with the top three ranks vacant.

व्याख्या: भारत 60.85 अंकों के साथ 28वें स्थान पर रहा, जबकि पहले वह 23वें स्थान पर था। यह सूचकांक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा उपयोग और जलवायु नीति का मूल्यांकन करता है। डेनमार्क चौथे स्थान पर सर्वोच्च रैंक वाला देश रहा, जबकि शीर्ष तीन स्थान खाली रखे गए।

Q 6. **Which organisation awards the international 'Blue Flag' certification, received by three Maharashtra beaches for the 2026–27 season?**

वर्ष 2026–27 के लिए महाराष्ट्र के तीन समुद्र तटों को प्राप्त अंतरराष्ट्रीय 'ब्लू फ्लैग' प्रमाणन किस संगठन द्वारा प्रदान किया जाता है?

(A) UNEP / संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

(B) UNESCO / यूनेस्को

(C) Foundation for Environmental Education / पर्यावरण शिक्षा फाउंडेशन ✓

(D) World Tourism Organization / विश्व पर्यटन संगठन



Explanation: The Foundation for Environmental Education (FEE), headquartered in Copenhagen, Denmark, awards Blue Flag certification. Maharashtra's Ladghar, Guhagar and Shrivardhan beaches received the recognition for 2026–27. The certification evaluates 33 environmental and safety criteria.

व्याख्या: डेनमार्क के कोपेनहेगन स्थित फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंटल एजुकेशन (FEE) द्वारा ब्लू फ्लैग प्रमाणन दिया जाता है। महाराष्ट्र के लाडघर, गुहागर और श्रीवर्धन समुद्र तटों को 2026–27 के लिए यह मान्यता मिली। इसमें पर्यावरण एवं सुरक्षा से संबंधित 33 मानदंडों का मूल्यांकन किया जाता है।

Q 7. **India's first LED dome planetarium, 'COSMOS-Mysuru Planetarium', was inaugurated on 13 November 2026 in which state?**

भारत के पहले LED डोम तारामंडल 'कॉसमॉस-मैसूरू प्लैनेटेरियम' का उद्घाटन 13 नवंबर 2026 को किस राज्य में किया गया?



(A) **Karnataka / कर्नाटक** ✓

(B) Telangana / तेलंगाना

(C) Tamil Nadu / तमिलनाडु

(D) Kerala / केरल

Explanation: Prime Minister Narendra Modi inaugurated the COSMOS-Mysuru Planetarium in Mysuru, Karnataka, on 13 November 2026. It is India's first LED dome planetarium, representing an advancement in immersive astronomy education.

व्याख्या: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 नवंबर 2026 को कर्नाटक के मैसूरू में कॉसमॉस-मैसूरू तारामंडल का उद्घाटन किया। यह भारत का पहला LED डोम तारामंडल है, जो आधुनिक तकनीक के माध्यम से खगोल विज्ञान की शिक्षा को बढ़ावा देगा।

Q 8. **Which city became home to India's second-largest operational Metro network after the inauguration of a section of the Pink Line on 13 November 2026?**

13 नवंबर 2026 को पिंक लाइन के एक हिस्से के उद्घाटन के बाद किस शहर का मेट्रो नेटवर्क भारत का दूसरा सबसे बड़ा परिचालन मेट्रो नेटवर्क बन गया?



(A) Mumbai / मुंबई

(B) Hyderabad / हैदराबाद

(C) **Bengaluru / बेंगलुरू** ✓

(D) Chennai / चेन्नई

Explanation: A 7.5-km elevated section of Bengaluru Metro's Pink Line was inaugurated on 13 November 2026. The operational network expanded to 103.6 km, making Bengaluru the second-largest operational Metro network after Delhi.

व्याख्या: 13 नवंबर 2026 को बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन के 7.5 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड खंड का उद्घाटन किया गया। इससे मेट्रो नेटवर्क की कुल परिचालन लंबाई 103.6 किलोमीटर हो गई और बेंगलुरु दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर पहुँच गया।

Q 9. **In November 2026, which state announced plans to establish South Asia's first quantum computing manufacturing facility under the 'Quantum Valley' initiative?**

नवंबर 2026 में किस राज्य ने 'क्वांटम वैली' पहल के अंतर्गत दक्षिण एशिया की पहली क्वांटम कंप्यूटिंग विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना घोषित की?



(A) Gujarat / गुजरात

(B) **Andhra Pradesh** / आंध्र प्रदेश ✓

(C) Karnataka / कर्नाटक

(D) Maharashtra / महाराष्ट्र

Explanation: Andhra Pradesh announced plans to establish a quantum computing manufacturing facility at Amaravati under the Amaravati Quantum Valley initiative. The project was announced during the 31st CII Partnership Summit 2026 in Visakhapatnam.

व्याख्या: आंध्र प्रदेश ने अमरावती क्वांटम वैली पहल के अंतर्गत अमरावती में क्वांटम कंप्यूटिंग विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना घोषित की। इसकी घोषणा विशाखापत्तनम में आयोजित 31वें CII पार्टनरशिप समिट 2026 के दौरान की गई।

Q 10. **Which country placed its first order for Indian-made electronic railway propulsion systems in November 2026?**

नवंबर 2026 में किस देश ने भारत में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक रेलवे प्रोपल्शन सिस्टम का अपना पहला ऑर्डर दिया?



(A) Germany / जर्मनी

(B) France / फ्रांस

(C) **Japan** / जापान ✓

(D) Australia / ऑस्ट्रेलिया

Explanation: Japan placed its first order for Indian-made electronic railway propulsion systems. These include traction motors, converters and inverters used for train movement, acceleration and braking. The development highlights India's growing railway equipment manufacturing and export capabilities.

व्याख्या: जापान ने पहली बार भारत में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक रेलवे प्रोपल्शन सिस्टम का ऑर्डर दिया। इनमें ट्रैक्शन मोटर, कन्वर्टर और इन्वर्टर शामिल हैं, जिनका उपयोग रेलगाड़ियों की गति, त्वरण और ब्रेकिंग में होता है। यह भारत की रेलवे उपकरण निर्माण एवं निर्यात क्षमता की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।